आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-108 कटनी ● शुक्रवार, 21 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -10 ● विक्रम संवत 2078 शके 1935

## अब व्हाइट फंगस के मरीज

देश में कोरोना महामारी के बीच देश में काली फफूंद यानी ब्लैक फंगस के लगातार बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। अब सरकारों और अस्पतालों को इससे निपटने के लिए विशेष बंदोबस्त करने पड़ रहे हैं। बहरहाल, ब्लैक फंगस के बीच देश में व्हाइट फंगस यानी के मरीज भी सामने आने लगे हैं। बिहार के पटना में यह मिले हैं। यहां चार मरीजों के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है।

# 7 दिन से लगातार घटा टीकाकरण, कैसे जाएगा कोरोना

**नई दिल्ली।** पूरा देश इस इस वक्त वैक्सीन की कमी से जूझ रहा है। कई राज्यों में तो टीके की कमी के कारण टीकाकरण केंद्रों को बंद करना पड़ा है। मुंबई-दिल्ली, कर्नाटक, ओडिशा समेत कई राज्यों में टीकाकरण केंद्रों को बंद कर दिया गया है। दो महीने पहले जिस रफ्तार से टीकाकरण अभियान चल रहा था, वह सुस्त पड़ा हुआ है। पिछले सात दिन में इसमें जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। 14 मार्च के बाद से देश में वैक्सीनेशन की भारी कमी हुई है। औसतन हर रोज 13.42 लाख लोगों को टीका लगाया जा रहा था,लेकिन गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल 11.66 लाख लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। वैक्सीन का टारगेट पूरा करना मुश्किल वैक्सीन की कमी के कारण संक्रमण की अगली लहरों के बारे में चिंता बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर सरकार की तरफ से वैक्सीनेशन का लक्ष्य भी तय किया गया है। जुलाई तक 30 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने का टारगेट दिया गया है। दुनिया में भारत वैक्सीन बनाने का केंद्र होने के बावजूद अपनी कुल आबादी का 3 प्रतिशत से भी कम लोगों को हर रोज टीका लगा पा



रहा है। यह समस्या इसलिए पैदा हुई कि केंद्र ने पिछले साल वैक्सीन निर्माता कंपनियों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन बनाने के आर्डर नहीं दिए। साथ ही बड़ी मात्रा में वैक्सीन को अन्य देशों में भेज दिया गया। वहीं सरकार ने राज्यों पर अपने-अपने हिसाब से वैक्सीन कंपनियों से करार कर टीका मंगवाने की जिम्मेदारी सौंप दी है, हालांकि सरकार की इस नीति की जमकर आलोचना भी हो रही है।

### अगस्त तक वैक्सीन का बढ़ेगा उत्पादन

पिछले दिनों केंद्र सरकार की ओर से बयान जारी किया गया कि अब तक 114 दिनों में वैक्सीन की 17 करोड़ डोज लगाई गई हैं, हालांकि लक्ष्य पूरा करने के लिए 60 करोड़ वैक्सीन डोज की जरूरत है। वाली सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटेक अगस्त तक बढ़ाने की बात कह रही है। दोनों कंपनियों ने सरकार को सूचित किया कि अगस्त तक वे क्रमशः10 करोड़ और 7.8 करोड़ डोजों को अपने उत्पादन को बढ़ाएंगे।

## क्विक अपडेट



### पर्यावरणविद सुंदर लाल बहुगुणा का कोरोना से निधन

**नई दिल्ली।** एम्स ऋषिकेश में भर्ती पर्यावरणविद सुंदर लाल बहुगुणा (94 वर्षीय) का शुक्रवार दोपहर 12 बजे निधन हो गया। सुंदर लाल बहुगुणा कोरोना से संक्रमित थे। चिपको आंदोलन के इस प्रणेता के निधन की खबर सुनकर पूरे राज्य में शोक की लहर है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में भर्ती 94 वर्षीय पर्यावरणविद सुंदर लाल बहुगुणा को कोरोना के साथ ही निमोनिया भी हो गया था।

### तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल यौन उत्पीड़न के सभी मामलों से बरी

गोवा से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, तहलका पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक तरुण तेजपाल को उनके खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत ने आज अपना फैसला सुनाया। पूर्व प्रधान संपादक पर साल 2013 में महिला साथी का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगे थे। उनके खिलाफ उनकी महिला सहकर्मी ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला के आरोपों के अनुसार, गोवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच सितारा होटल की लिफ्ट में तेजपाल ने उनका उत्पीड़न किया था। इसके बाद 30 नवंबर 2013 को तेजपाल को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### कमलनाथ की चेतावनी- पेन ड्राइव रखी है मेरे पास

**भोपाल।** कमल नाथ सरकार में वन मंत्री रहे उमंग सिंघार के खिलाफ हो रही कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस एकजुट हो गई है। विधायक दल की बैठक में यह मुद्दा उठा और कुछ विधायकों ने इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के साथ अलग से चर्चा भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंघार मामले में सरकार ओछी राजनीति न करे वर्ना परिणाम ठीक नहीं होंगे। हनीट्रैप की पेनड्राइव हमारे पास भी है पर हमने हमेशा सदाचार की राजनीति की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी चर्चा की और कहा कि विधायकों का प्रतिनिधिमंडल

साइंस रिसर्च मैग्जीन बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट में छपे लेख में दावा

# वुहान की ही एक लैब से लीक हुआकोरोना पूरी दुनिया में फैला

**वाशिंगटन।** कोरोना वायरस की महामारी जारी रहेगी, इसकी कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में कई देश कोरोना वायरस के उद्गम पर शोध कर रहे हैं, ताकि ये पता लगाया जा सके कि ये वायरस मानव निर्मित है या प्राकृतिक। कोरोना वायरस को लेकर हुए एक नए शोध के मुताबिक, कोरोना को चीनी वैज्ञानिकों ने एक लैब में बनाया था, जहां से ये लीक हो गया है। शोध में बताया गया कि अब लैब से निकलकर ये वायरस पूरी दुनिया में फैल गया और तबाही मचा रहा है। साइंस रिसर्च मैग्जीन बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट में छपे एक लेख में प्रसिद्ध वैज्ञानिक लेखक निकोलस वेड ने दावा किया है कि कोरोना वायरस को चीन के वुहान स्थित लैब में बनाया गया है,



जहां से यह पूरी दुनिया में लीक हुआ। निकोलस वेड ने वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी को फंड मुहैया कराने वाली अमेरिकी संस्था इकोहेल्थ एलायंस ऑफ न्यूयॉर्क के अध्यक्ष डॉ. पीटर डास्जैक के इंटरव्यू को अपने लेख का आधार बनाया है। लैब में स्पाइक प्रोटीन की रिप्रोग्रामिंग और ह्यूमनाइज्ड चूहों को संक्रमित करने वाले काइमेरिक कोरोना वायरस तैयार किए जाते हैं। करीब छह से सात सालों से लैब में सार्स से संबंधित करीब 100 से ज्यादा नए कोरोना वायरस ढूंढे गए। वहां वैज्ञानिकों को पूरी तरह से संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित रखने की तैयारियों में खामियां थीं।

# संक्रमण का बच्चों पर घातक असर नहीं

प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रजनीश नेमा से चर्चा

**जबलपुर।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अत्यंत घातक सिद्ध हुई है। वहीं तीसरी लहर की भविष्यवाणियां भी की जा रही है जिसमें यह बताया जा रहा है कि, कोरोना की तीसरी लहर बच्चों के लिए ज्यादा घातक होगी। यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइम टाइम आशीष शुक्ला में आज हम इसी विषय को लेकर जबलपुर के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनीश नेमा के पास पहुंचे और साक्षात्कार के दौरान उनसे तीसरी लहर में होने वाली परेशानियों, सावधानियों के साथ ही मस्तिष्क में आ रही शंकाओं का समाधान डॉ. नेमा से प्राप्त किया। बच्चों पर घातक असर के कोई प्रमाण नहीं थर्ड वेव में बच्चों पर होने वाले घातक असर के बारे में जानकारी लेने पर डॉ रजनीश नेमा का कहना है कि अभी तक इस बात के कोई ठोस प्रमाण मौजूद नहीं है, कि अगर थर्डवेव आएगी तो बच्चों पर असर करेगी। यह बात इस आधार पर कही जा रही है की, जब तीसरी लहर आएगी, तब तक 18 साल के ऊपर के नागरिकों को वैक्सीन लग चुकी होगी ऐसे में संक्रमण अपना वाहक बच्चों को बना सकता है..**शेष अंदर के**


### जो हुए वे स्वस्थ



### जन्मजात विकार वाले बच्चों को खतरा

डॉ रजनीश नेमा ने बताया कि पूर्व अनुभव के आधार पर यह सामने आया है कि, जिन बच्चों को जन्मजात विकार जैसे हृदय संबंधी, किडनी किडनी संबंधी रोग हो उन्हें समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि दूसरी लहर में बच्चे भी प्रभावित हुए जिसमें अकेले महाराष्ट्र में 1 लाख 40 हजार बच्चे संक्रमित हुए। जिसमें 99.9 प्रतिशत बच्चों को घर में ही इलाज कर ठीक किया गया है। वही जन्मजात विकार वाले बच्चों को ही भर्ती किया गया।

# उड़ते मिग-21 से ही कूद गए पायलट चौधरी, गर्दन की हड्डी टूटने से दर्दनाक मौत



**नई दिल्ली।** पंजाब के मोगा के पास गुरुवार रात दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमान के पायलट को हादसे का अंदेशा पहले ही हो गया था। पायलट अभिनव चौधरी ने गुरुवार को राजस्थान के सूरतगढ़ एयर बेस से पंजाब के जगरांव के पास पड़ते सिद्धवां खुर्द रेंज के लिए उड़ान भरी थी। इसके बाद शाम को प्रेक्टिस के लिए गए पायलट चौधरी ने सिद्धवां खुर्द रेंज से वापस सूरतगढ़ के लिए उड़ान भरी। मोगा के गांव लंगियाना खुर्द के पास आकर उन्हें लगा कि कुछ गड़बड़ है। उन्हें अंदेशा होने लगा कि शायद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। इसके बाद पायलट चौधरी ने उड़ते विमान से छलांग लगा दी। कुछ ही देर बाद उनका विमान खेतों में जाकर गिरा और उसमें आग लग गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया तो पायलट का कहीं कुछ पता नहीं चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने अलग अलग टीमें बनाकर पायलट चौधरी की तलाश शुरू की। करीब चार घंटे बाद हादसास्थल से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर पायलट चौधरी का शव मिला।

# 13 नक्सली ढेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**रायपुर।** लगातार हो रही नक्सली वारदात पर लगाम लगाने के लिए फोर्स ने मोर्चा खोल दिया है। नक्सलियों के खात्मे के लिए तेजी से अभियान चलाया जा रहा है। गढ़चिरौली में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। शुक्रवार सुबह करीब 13 नक्सलियों को फोर्स ने मार गिराए। इनके पास से हथियार बरामद किए गए हैं। 13 शवों को फोर्स ने अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन जारी है। गढ़चिरौली के एटापल्ली में ऑपरेशन चल रहा है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर घेराबंदी कर अभियान चलाया जा रहा है। इसकी



पुष्टि गढ़चिरौली के डीआइजी संदीप पाटिल ने की है। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुठभेड़ हुई है। कोटमी थाना क्षेत्र के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में माओवादी ढेर हुए हैं। मारे गए नक्सलियों की बॉडी रिकवर किये जाने की बात अधिकारी बोल रहे हैं। फोर्स का कहना है कि सर्चिंग जारी है। गढ़चिरौली पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल का कहना है कि सी-60 फ़ोर्स को बड़ी कामयाबी मिली है। आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ में बड़ी वारदात को अंजाम दिया था।

# पीएम मोदी ने की फ्रंटलाइन वर्कर की तारीफ, कहा- जहां बीमार वहां उपचार



**इंदौर।** कोरोना से जारी जंग में सफलता की ओर बढ़ रहे बनारस के कोरोना योद्धाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सीधा संवाद किया, जिसमें उन्होंने स्वास्थकर्मियों के प्रयास की काफी सराहना की..दूसरी लहर के अनुभव पूरे प्रदेश को मिलने चाहिए पीएम मोदी ने कहा कि दूसरी लहर के जो अनुभव वाराणसी और पूर्वांचल के स्वास्थ्यकर्मियों के रहे हैं वह इस बीमारी से निपटने के लिए बहुत फायदेमंद हैं वो पूरे प्रदेश को मिलने चाहिए। पीएम ने कहा मैं सभी जनप्रतिनिधियों को इस अभियान से जुड़ने के लिए संतोष प्रकट करता हूं। मुझे विश्वास है कि हम सबके सामूहिक प्रयास अच्छे परिणाम लाएंगे और बाबा विश्वनाथ की कृपा से हम सब इस लड़ाई को जीत जाएंगे। जब योगी सांसद थे तो बच्चों की जिंदगी को देखते हुए वह फूट-फूटकर संसद में रोए। वह बच्चों को बचाने के लिए उस वक्त की सरकारों से कदम उठाने के लिए मांग करते थे। उनके चलाए अभियान से आज हम दिमागी बुखार से बचने में सफल हुए। तीसरी लहर में बच्चों पर फिर से आफत आ सकती है, जिससे निपटने के लिए हमें तैयार रहना होगा। हम एक अदृश्य एवं बहरूपिए दुश्मन से लड़ाई लड़ रहे हैं ऐसे में हमें खुद काफी सतर्क रहकर अपने आपको उससे लड़ने के काबिल बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने काशीवासियों से बात करते हुए इस लड़ाई को लड़ने का एक नया मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि यह हर किसी के लिए मंत्र है कि- जहां बीमार, वहीं उपचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के बीच वाराणसी के फ्रंटलाइन वर्करों यानी डॉक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि संसद में वह बच्चों के लिए योगी रोए थे। दिमागी बुखार से हो रही मौतों ने उन्हें रुला दिया था।

# अस्पताल में गैंगरेप की शिकार महिला की मौत

**पटना।** यहां के निजी अस्पताल के आईसीयू में कोरोना संक्रमित महिला से कथित तौर पर गैंगरेप के बाद मौत हो गई। 19 मई को इलाज के दौरान गैंगरेप की शिकार हुई महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल के तीन कर्मचारी पर गैंगरेप करने का आरोप है। घटना के बाद शहर में बवाल मच गया। बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन करने सड़क पर उतरे। सैकड़ों की तादाद में लोगों ने हाथों में कागज पर लिखे स्टॉप रेप कल्चर, नो रेप जैसे पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया और अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। दरअसल, पटना के पारस अस्पताल में कोरोना से जंग लड़ रही 45 वर्षीय महिला को भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत में उसका इलाज आईसीयू में चल रहा था। महिला 6 मई को कोरोना पॉजिटिव हुई थी। स्थिति बिगड़ने पर उसे पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। 16 मई की रात महिला से कथित गैंगरेप किया गया। मृतक महिला की बेटी ने दावा किया कि उसकी मां को 15 मई को यहां भर्ती कराया गया था। उसके अगले दिन वार्ड में तीन कर्मचारियों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। पीड़िता ने लड़खड़ाती जबान से आपबीती सुनाई, जिसके बाद उसके होश उड़ गए।

### एमपी सरकार देगी एक लाख

**भोपाल।** कोरोना संकट से शोक संतृप्त परिवारों के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहत की बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि कोरोना की दूसरी लहर में जिस परिवार में मृत्यु हुई है, उस परिवार को राज्य सरकार की ओर से एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री गुरुवार देर शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे

# 24 घंटे में फिर 4200 पार मौतें



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना का तांडव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के नए मामलों की संख्या कम हुई, लेकिन मौतों में एक बार फिर इजाफा हो गया। दरअसल, पिछले 24 घंटे में 2,59,591 नए मामले सामने आए, लेकिन मौतों का आंकड़ा 4209 पहुंच गया। इससे लोगों में खौफ काफी ज्यादा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एक दिन में कोविड-19 के 2,59,551 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,60,31,991 हो गई। वहीं, संक्रमण से 4,209 की मौत हो गई। इसके बाद देश में अब तक कोरोना से 2,91,331 लोगों की मौत हो चुकी है।

# ब्लैक फंगस से डरे नहीं , सावधानी रखें, मेडिकल कालेज में पूरे इलाज की सुविधा

**जबलपुर, यश भारत।** कोविड महामारी के साथ इस समय ब्लैक फंगस म्यूकर मायकोसिस तेजी से फैल रहा है, पर इससे डरने की जरूरत नहीं है जबलपुर के नेता जी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज चिकित्सालय में इसके इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इस बात प्रोफेसर डॉ. कविता सचदेवा एचओडी, ईएनटी विभागमेडिकल कालेज ने कही। उन्होंने लोगों से कहा कि चिंता न करें, डरे नहीं, मानवता की सेवा के लिए हमारा कान, नाक, गला विभाग की इमरजेंसी ओडी रात को 2 बजे तक खुली रहती है। जहां मानव सेवा की जा रही है।

उन्होंने बताया कि ब्लेक फंगस नाक, मुंह एवं आंख से प्रारंभ होता है इस प्रारंभिक स्टेज में ही सफलता पूर्वक रोका जा सकता है। यदि यह बीमारी इन्हीं माध्यमों से या मरीज की गलतियों से दिमाग तक पहुंच जाती है तब जान का खतरा रहता है बाकी 90 प्रतिशत इस बीमारी से ग्रसित मरीज ठीक हो रहे हैं।

डॉ. सचदेवा ने बताया कि जब भी कोई हम कोई बीमारी की बात करते है तो हम सोचते है कि इसका प्रिवेंसन कैसे होता है। इससे कैसे बचा जा सकता है तो उसके लिए बस हमें यह करना चाहिए कि हम साफ सुथरी जगह में रहें। धूल से बचें, अपने हाथ धोकर ही नाक और आंख को छुएं। शुगर कन्ट्रोल में होना चाहिए। डेढ़ सौ से दो सौ से ऊपर अपने ग्लूकोज का टेस्ट कराते रहना चाहिए यदि शुगर बढ़ी हुई है तो आपको यह ब्लेक फंगस की बीमारी होने के चांसेज बढ़ जाते हैं।

### डॉ. कविता सचदेवा एचओडी ईएनटी की अपील



### यह है लक्षण

नाक से काले रंग का पानी आने लगता है एक तरफ से नाक बंद हो जाना नाक के नीचे के गाल पर शून्यता आना आंखें लाल होना दिखाई कम देना या तालू में पपड़ी जमने लगा इस लक्षण को देखकर हमें जांच कराना चाहिए कि कहीं ये फंगस तो नहीं है और उसके लिए आप क्या कर सकते हैं। आपको ईएनटी विभाग की ओपीडी में आकर जांच कराना है। जहां हमारे पूरी दक्ष टीम बैठी हुई है। यह टीम ब्लेक फंगस की जांच के लिए बैठी हुई है। 90 प्रतिशत लोगों में तो हो सकता है शंका हो तो आप इस शंका निवारण करा लें। ताकि आप सुकून से रह सकें। यदि हमें लगता है कि आप में लक्षण है तो उसकी जांच कराकर हम तुरंत दो से तीन दिन के अंदर आपरेशन की तैयारी करेंगे। इस इंजेक्शन बगैरह भी हमारे पास एक दो दिन में उपलब्ध हो जाएंगे और आपरेशन कर रहें है। हम रात दिन इमरजेंसी डियूटी कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग बीमारी से भी न डरिये, इसके इलाज से भी न डरिये कि आपरेशन रिस्क होता है। कोई भी आपरेशन जो होता है। उससे बीमारी निकल जाती है जो दवाई देते है उसका पूरा असर होता है। मरीज पूरी तरह ठीक भी हो जाता है जो भी मरीज बहुत एडवांस आते है जिनके दिमाग तक बीमारी चली जाती है उनमें ही जान का खतरा रहता है। यदि बीमारी नाक में या गाल में है यदि आपका दांत हिल रहा है , या पपड़ी जमी हुई है तो उन सबका इलाज करने में मरीज को बहुत फायदा होता है। यह बीमारी नई नहीं है। पिछले कई सालों से यह बीमारी चली आ रही है। 10-15 मरीज हर साल आते है और वह सब ठीक होकर चले जाते है।

उन्होंने कहा कि मेरा लोगों से आग्रह है कि वे सिस्टम में विश्वास रखें, डाक्टर पर विश्वास रखें और यदि आपको थोड़ी सी भी शंका हो तो आप मेडिकल में आकर 7 नंबर ओपीडी में ईएनटी विभाग में दिखाकर अपनी शंका का समाधान करें। उन्होंने कहा कि हम चाहते है कि मरीज बहुत प्रारंभिक स्टेज में हमारे पास आ जाएं ताकि हम उन्हें पूरी तरह ठीक हो जाएं। डॉ. सचदेवा ने कहा कि इस मैसेज का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। 15 मरीजों की सर्जरी हो चुकी है न मेडिकल कॉलेज जबलपुर में बने ब्लैक फंगस म्यूकर मायकोसिस के डेडिकेटेड वार्ड में भर्ती 80 से अधिक मरीजों की जांच एवं उपचार का प्रबंध किया गया है। वार्ड प्रभारी एवं ई.एन.टी. विभागाध्यक्ष डॉ. कविता सचदेवा सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर हर दिन प्रत्येक मरीज का अपडेट ले रहे हैं। यहां ब्लैक फंगस के प्रारंभिक लक्षणों वाले मरीजों को दवाईयां दी जा रही हैं, वहीं गंभीर स्थिति वाले 15 मरीजों की सर्जरी भी की जा चुकी है।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

# बारिश से खराब गेंहू देखने केन्द्रों में पहुंचे कलेक्टर





यश भारत
खबर का असर

## समय पर उठाव नहीं होने पर लगाई फटकार, ट्रांसपोर्टर और खरीदी केन्द्र प्रभारी को नोटिस

**कटनी।** पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण हजारों क्विंटल गेहूं खराब हो गया है। यशभारत द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कल गुरूवार को जिले के कई खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर बारिश से खराब हुए गेहूं को देखा। इस दौरान उन्होंने धीमी गति से काम करने वाले कर्मचारियों को जहां फटकार लगाई तो वहीं व्यवस्थित काम करने वालों को सराहा भी। अपने विजिट की शुरुआत कलेक्टर ने लखापतेरी में स्थित जालपा वेयरहाउस से की। यहां पर तेवरी, पहाड़ी और रैपुरा के संचालित खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थायें उन्होने देखीं।

तेवरी खरीदी केन्द्र में माल का उठाव न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। साथ ही वेयरहाउस प्रभारी और खरीदी केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। लखापतेरी के बाद स्लीमनाबाद स्थिति खरीदी केन्द्र हरदुआ का विजिट भी कलेक्टर ने किया। यहां की व्यवस्थाओं पर उन्होने संतुष्टि जाहिर की। जिसके बाद स्लीमनाबाद में ही तहसील के सामने संचालित स्लीमनाबाद खरीदी केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

जहां पर खरीदी, उठाव एवं रखरखाव की व्यवस्थायें दुरुस्त नहीं होने पर ट्रान्सपोर्टर और खरीदी केन्द्र प्रभारी को नोटिस जारी करने लिये कलेक्टर ने निर्देशित किया। इसके बाद सारथी वेयर हाउस में संचालित धरवारा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कलेक्टर श्री मिश्रा ने किया। जहां पर गेहूं की बोरियां गीली पाये जाने और उनका ट्रान्सपोर्टेशन पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही खरीदी केन्द्र प्रभारी, गोडाउन कीपर और सर्वेयर को एससीएन जारी करने के निर्देश दिये।



खरीदी केन्द्रों में भीगा हजारों क्विंटल गेहूं

भंडारण व परिवहन में सामने आई विभागीय लापरवाही

बारिश के पानी में भीगा गेहूं, खरीदी प्रभारी को नोटिस, कन्हवारा खरीदी केन्द्र पहुंचे एसडीएम तो मिली लापरवाही

यश भारत द्वारा गतांक में प्रकाशित की गई खबर के बाद प्रशासन ने लिया संज्ञान।

### धरवारा और मुरवारी भी पहुंचे कलेक्टर


धरवारा के बाद उमरियापान खरीदी केन्द्र क्रमांक 1, मुरवारी में काशी वेयरहाउस उपार्जन केन्द्र का भी निरीक्षण कलेक्टर ने अपने विजिट में किया। मुरवारी में काशीवेयर हाउस के प्रबंधक और उपार्जन केन्द्र के प्रभारी पर नाराजगी जाहिर करते हुये संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। इसके बाद श्री मिश्रा ने बचैया खरीदी केन्द्र का भी निरीक्षण कर उपार्जन कार्य में संलग्न अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान विजिट अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया, सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी के.एस. भदौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



# डेथ सार्टिफिकेट में कोरोना से दर्ज की जाए मौत

### मृत व्यक्तियों के परिजनों के लिए न्याय की गुहार

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए शासन ने अधिकांश काम ऑनलाइन कर दिए हैं। इससे जहां कई सुविधाएं घर बैठे मिलने लगीं हैं, तो वहीं अब लॉकडाउन में मरने वालों के परिजन के लिए यह एक परेशानी का कारण बन गया है। जिन्होंने अपने को खोया है, उनका दर्द तो बांटने के लिए लोग भी शामिल नहीं हो सके। उन्हें अकेले ही यह दर्द सहना पड़ा। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को पत्र लिखकर कहा है कि जिले में कोरोना महामारी से सैकड़ों नागरिकों की मृत्यु का समाचार प्राप्त हो रहा है। जिला चिकित्सालय एवं प्राइवेट जांच में आए करोना पाजिटिव मरीजों की मृत्यु उपरांत डेथ सर्टिफिकेट में न्याय की गुहार है मृत्यु प्रमाण पत्र में विसंगतियों के समाधान की आवश्यकता है। पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा है कि करोना महामारी से मृत हुए व्यक्ति के परिजनों ने परिवार को संभाला और खुद को भी सांत्वाना दी। अब भी अपनों को खोने और उसके बाद पूरी रस्मों से उनका अंतिम संस्कार नहीं कर पाने का दर्द हर पल हैए उनके इस दर्द को अब यही ऑनलाइन सिस्टम हर रोज कुरेद रहा है। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अंतिम संस्कार होने के 21 दिन के अंदर आवेदन करना होता है लाक डउन कर्फ्यू मे कैसे संभव हो कटनी जिले में मृत्यु प्रमाण पत्र की सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्र में हो रही है जहां करोना के लक्षण एवं करोना होने से सैकड़ों नागरिकों की मौत हो गई प्रमुख समस्या यह है कि उन सैकड़ों पीड़ित परिवारों को करोना के कारण मृत्यु का प्रमाण पत्र कैसे प्राप्त हो इसके लिए पत्र में सुझाव प्रेषित किये हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने मांग की है कि कटनी जिले के सभी क्षेत्रों में करोना काल मार्च 2020 से अभी तक नागरिकों की हुई मृत्यु की सूची बनवाई जाए। लॉकडाउन के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र में ऑनलाइन सुविधा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच, सचिव पटवारी व पुलिस से पंचनामा रिपोर्ट मांग कर उसे करोना पाजिटिव अथवा करोना लक्षण होने को दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की आवश्यकता है। जिले में आज तक जिला चिकित्सालय के अनुसार 9152 मरीज जांच उपरान्त कोरोना पाजिटिव पाये गये हैं। उन सभी व्यक्तियों का मोबाइल नंबर एवं पता जिला अस्पताल में दर्ज है। उन व्यक्तियों का सर्वे कराया जाए, उनमें से कितने मरीज मृत हो गये हैं। उनके मृत्यु प्रमाण पत्र का परीक्षण कराकर उन्हें सुधार कर कोरोना बीमारी दर्ज कर उन्हें प्रदान किया जाए, जिससे भविष्य में करोना महामारी से मरने वाले नागरिकों के परिजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके।



# अति कुपोषित बच्चों के लिए पोषण किट का वितरण




### एसीसी ट्रस्ट कर रहा सतत निगरानी व देखभाल

**कटनी।** एसीसी ट्रस्ट के अंतर्गत डॉयरेक्टर प्लांट के.आर. रेड्डी के मार्गदर्शन एवं सी.एस.आर. प्रमुख ऐनेट एफ विश्वास एवम् जनमंगल संस्थान के संस्थापक महेंद्र खरे के निर्देशन में एसीसी कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत, महिला बाल विकास विजयराघवगढ़ के सहयोग से विगत 7 माहों से परियोजना क्षेत्र के 65 अति कुपोषित बच्चों को निरंतर प्रति माह पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। इस पोषण किट में बच्चों के वजन बढ़ाने वाली समस्त सामग्री जैसे आंवला कैंडी, गुड़, मूंगफली, पंचदाल, हॉर्लिक्स, दलिया, घी एवम् सोयाबीन बड़ी इत्यादि शामिल है। जिसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सप्ताहवार वितरित किया जाता है एवं बच्चों के पालकों की काउंसलिंग कर उन्हे बच्चों का विशेष ध्यान देने, साफसफाई के साथ भोजन कराने व वजन वृद्धि वाले पदार्थ का सेवन कराने हेतु प्रोत्साहित भी किया जाता है। साथ ही बच्चों की वृद्धि निगरानी भी की जाती है ताकि बच्चों की स्थिति का आंकलन किया जा सके। जहां आज लॉकडाउन के चलते सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति ख़राब है, वहीं एसीसी ट्रस्ट इन बच्चों की जिम्मेदारी ले कर उन्हे सुपोषित बनाने का पूर्ण प्रयास कर रही है। सभी की कड़ी मेहनत से आज 7 बच्चे सुपोषित एवम् 13 बच्चे यैलो ग्रेड में आ गए हैं। एसीसी ट्रस्ट की टीम गांव के आंगनवाडी केंद्रो में जा कर पोषण किट वितरण के साथ ही मास्क का वितरण एवम् कोरोना वायरस से बचाव के उपाय के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सेल्फी कार्ड द्वारा रचनात्मक तरीके के आमजन को टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित भी कर रही है। इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में महिला बाल विकास अधिकारी विजयराघवगढ संतोष अग्रवाल सहित सेक्टर सुपरवाइजर प्रीति उपाध्याय एवम् ओमी गुप्ता के साथ सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं की मुख्य भूमिका है। पोषण किट का वितरण कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम की परियोजना समन्वयक मोहसिना नियाज़ी एवम् पूजा तिवारी द्वारा किया जाता है।



## मरीजों को भोजन के पैकेट एवं फल वितरित

**कटनी।** सेवा भारती के तत्वाधान में लगातार 29वे दिन कोरोना महामारी के इस दौर में सेवा कार्य को निरंतर जारी रखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों तथा अन्य बंधुओं को भोजन पैकेट फल, काढा, गरम पानी एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित करने का कार्य जारी है। 20 मई के इस सेवा कार्य में राजेश निषाद, आयुष बर्मन, सतीश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, निलेश विश्वकर्मा, रवि देव वंशी पटवा, अजय शर्मा आदि स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।




## गुरूवार को डेढ़ हजार से ज्यादा ने लगवाया टीका

**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 20 मई को कुल 1560 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 106 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 44 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 30 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 9 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 1 हेल्थकेयर वर्क्स को फर्स्ट डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 26 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 1 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। इसके साथ ही 18 से 44 आयुवर्ग के लाभार्थियों में 1343 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज भी लगाया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने अपील की है कि जिन लोगों के द्वारा टीकाकरण के लिये ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से स्लॉट बुक किया जाता है, यदि वे किन्ही कारणों से वेक्सीनेशन के लिये नहीं आ पा रहे हैं, तो वे बुक किये हुये स्लॉट को कैंसिंल कर दें। ताकि उस स्लॉट पर किसी अन्य व्यक्ति का वेक्सीनेशन किया जा सके।

### आज 19 केन्द्रों पर हो रहा वेक्सीनेशन

आज 21 मई को जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 19 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर, रेल्वे हॉस्पिटल, झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर, पुरानी कचहरी परिसर, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, पीएससी स्लीमनाबाद, पीएचसी बाकल, सीएससी उमरियापान, पीएचसी ढीमरखेड़ा, पीएचसी कछारगांव, सीएचसी पहाड़ी, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, पीएचसी बिलहरी, पीएचसी बड़गांव, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, पीएचसी सिंगौड़ी, पीएचसी कैमोर और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया जा रहा है।

# संत की समाधि पर भू-माफियाओं की नजर

### संजय नगर का मामला, बजरंग दल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** बजरंग दल के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि माधवनगर थाना अंतर्गत संजय नगर स्थित नजूल की भूमि पर स्थित शिव सन्यासी धाम में बनाई गई संत रघुनंदन दास महराज की समाधि पर भू-माफियाओं और अतिक्रमण कारियों द्वारा साजिश किए जाने की जानकारी मिली है। बजरंग दल ने कहा है कि हिंदुत्व की भावना को ठेस पहुंचाने वाली साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि जहां संत रघुनंदन दास की समाधि है, वह भूमि पिछले 21 वर्षों से सामाजिक तौर पर धार्मिक स्थान है। यहां पर भागवत कथा अखंड रामायण पाठ, भजन कीर्तिन आदि के धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पार्षद द्वारा भूमि के चारों और अवैध रुप से विक्रय कर कब्जा करा दिया गया है। कब्जाधारियों द्वारा आए दिन धार्मिक स्थान में अतिक्रमण बढ़ाया जा रहा है। यहां पर मंदिर, यज्ञ शाला आश्रम बना हुआ है। भू माफिया धार्मिक स्थान को तहस-नहस कर अवैध प्लाटिंग कर भूमि बेचने की फिराक में है। इससे पहले भी भू माफिया द्वारा हरे-भरे वृक्षों को कटवा कर भूमि का अवैध रुप से विक्रय किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इसी स्थान पर संत की समाधि दी गई। जिसे 18 दिन बाद स्थानीय पार्षद द्वारा अन्य धर्मों के लोगों के साथ मिलकर छेड़छाड़ करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। धर्म के अनुसार संत की समाधि देने का विधान है। ज्ञापन में कहा गया है कि समाधि से छेड़छाड़ की गई तो बजरंग दल उग्र आंदोलन करेगा। साथ ही विधायक संदीप जयसवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन को भी वर्तमान की स्थिति से अवगत कराया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला मंत्री अजय पटैल, जिला सह मंत्री विनीत तिवारी, जिला सह संयोजक राहुल दुबे, प्रखंड सयोंजक करण मिश्रा, प्रखंड मंत्री प्रभांशु श्रीवास्तव मौजूद थे।

## कोविड अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा के उपायों के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार राजस्व विभाग अंतर्गत संचालित कोविड अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के उपायों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिये संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के राजस्व अनुविभाग अंतर्गत संचालिक कोविड अस्पताल को मासिक फायर ऑडिट किये जाने के लिये समिति भी गठित की है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अध्यक्ष, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत को सदस्य तथा विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। इस समिति की बैठक माह में एक बार अनिवार्य रुप से आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये हैं। साथ ही समस्त प्रकार के अग्नि सुरक्षा उपायों से संबंधित कोविड अस्पताल की फायर ऑडिट रिपोर्ट समिति के सदस्य सचिव को प्रस्तुत करने के लिये भी निर्देशित किया गया है।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शुक्रवार, 21 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper





# जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

## दूसरे राज्यों से ट्रक लेकर आ रहे लोगों से बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

**कटनी।** जिले में एक तरफ कोरोना संक्रमण से हर दिन राहत मिल रही है और संक्रमण की दर भी 7 प्रतिशत के आसपास आ गई है तो अब जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। संक्रमण की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा जहां वेबजह घूमने वालों पर सख्ती की जा रही है तो वहीं जिला प्रशासन के अधिकारी भी लगातार भ्रमण करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्यवाही कर रहे हैं, जिसके चलते जिले में पॉजीटिविटी रेट में लगातार कमी देखने को मिल रही है, लेकिन दूसरे राज्यों से शहर आने वाले भारी वाहनों के चालकों और क्लीनर की वजह से शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। पुलिस और प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने की वजह से शहर के घंटाघर, कनकने स्कूल और दौलती देवी धर्मशाला के पास रहने वाले लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। तीसरी लहर की चेतावनी के बाद से इन क्षेत्रों के लोगों को अपने बच्चों की चिंता सता रही है। गौरतलब है कि कोरोना

### घंटाघर और दौलती देवी धर्मशाला के पास सारी रात अनलोडिंग से परेशान हो रहे नागरिक

संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान अति आवश्यक वस्तुओं के साथ ही जरूरी सामानों की आपूर्ति करने के उद्देश्य से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, जिसकी वजह से उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों और शहरों से भारी वाहन बायपास होते हुए शहर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं। बताया जाता है कि ज्यादातर वाहन रात के समय हाईवे से होते हुए चांडक चौक पहुंचते हैं और फिर शहर के अंदर प्रवेश करते हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि ज्यादातर ट्रांसपोर्ट घंटाघर, कनकने स्कूल और दौलती देवी धर्मशाला के पास हैं, जहां सारी रात अनलोडिंग होती रहती है, इससे न केवल क्षेत्र के लोगों की नींद खराब हो रही है। बताया जाता है कि ट्रक और क्लीनर लोगों के घरों के बाहर बनी पट्टियों पर बैठकर रात गुजारते हैं। लोगों द्वारा मना किए जाने पर भी वे यहां से नहीं हटते। इनमे से अधिकांश पूरी रात खांसते रहते है, जिससे संक्रमण फैलने का डर इस क्षेत्र के लोगों को सता रहा है। स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी का ध्यान इस समस्या की ओर दिलाते हुए निराकरण की मांग की है।

## तेन्दूपत्ता संग्रहकों को मिली प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि

**कटनी। मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह द्वारा गतदिनों वर्ष 2017, 2018 एवं 2019 के तेन्दूपत्ता की पूरे प्रदेश की 48 जिला वनोपज सहकारी यूनियनों की प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि 191 करोड़ 45 लाख सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई। वन मण्डलाधिकारी आर.सी. विश्वकर्मा ने बताया कि इसके तहत ही जिला वनोपज सहकारी यूनियन कटनी अंतर्गत वर्ष 2017 एवं 2018 की राशि प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण के लिये भी प्राप्त हुई है। जिसे ई-भुगतान के माध्यम से तेन्दूपत्ता संग्राहकों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जा रहा है। इस प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान जिले की 6 सहकारी समितियों का राशि का वितरण किया गया है। जिसमें जिले के कुल 5314 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 47 लाख 96 हजार 37 रुपये की राशि वितरित की जा रही है।

## 20 मई को जिले में 18.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मई को 18.9 मिमी वर्षा जिले में दर्ज की गई है। तहसीलवार दर्ज की गई वर्षा अनुसार कटनी तहसील में 13.8 मिमी, रीठी तहसील में 9.5 मिमी, बड़वारा तहसील में 25.0 मिमी, बरही तहसील में 18 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसीलदार 56.5 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 1.2 मिमी, स्लीनाबाद तहसील में 13.0 और ढीमरखेड़ा तहसील में 4.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की कुल सामान्य वर्षा 1124.4 मिमी है।

## युवाओं से आग्रह, वैक्सीन अवश्य लगवाएं

**कटनी।** विहिप बजरंग दल के संयोजक प्रखर सोनी ने कहा कि बुधवार को पाठक वार्ड स्थित सीएलपी स्कूल वैक्सीनेशन केंद्र पर कोविशील्ड वैक्सीन की पहली डोज लगवाई है। युवा साथियों से आग्रह है कि भारत में बनी दोनों ही वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित और प्रभावी है। वैक्सीन अवश्य लगवाएं। भारतीय वैक्सीन पर भरोसा करें। अपनी बारी आने पर वैक्सीन जरूर लगवाएं और किसी भी प्रकार के



अफवाहों पर भरोसा न करें। कोरोना से बचाव की लिए वैक्सीन संजीवनी है और इसे स्वप्रेरणा से सभी को लगवानी चाहिए एवं दूसरों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करना चाहिये। इस वैक्सीन को लगाने के लिये पहले अपना पंजीयन कीजिए तथा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक स्लॉट बुकिंग कीजिए, जिसके आधार पर युवाओं को वैक्सीन लगवाने की तिथि मैसेज के माध्यम से दी गई हैं। उसी तिथि के आधार पर युवा वैक्सीन लगवाने के लिए मैसेज में दिए निश्चित स्थान पर जाएं।

## कोविड–19 के नियंत्रण की रणनीति के संबंध में सीएम कल करेगें संबोधित

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कोविड-19 के नियंत्रण की रणनीति के संबंध में 22 मई को प्रातः 11 बजे अपना संबोधन देगें। यह संबोधन कार्यक्रम वेबकास्ट लिंग पर देखा व सुना जा सकता है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नगरीय क्षेत्र के वर्तमान, पूर्व जनप्रतिनिधियों, निवृतमान महापौर, अध्यक्ष, पार्षदों, जनअभियान परिषद के सदस्यों, महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सम्मानित नगारिकों से अनुरोध किया है कि कोविड-19 के संबंध में आयोजित संबोधन कार्यक्रम को वेवकास्ट लिंक के माध्यम से जुडकर संबोधन कार्यक्रम के वेबकास्ट से जुड़ें। साथ ही कोविड-19 महामारी से लडने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## मदद के लिए नदावन सरपंच ने बढ़ाए कदम



**बरही।** पुलिस द्वारा जरूरतमंदों वितरित किए जा रहे राशन सामग्री से प्रभावित होकर बड़वारा जनपद के ग्राम पंचायत नदावन के सरपंच उदयभान सिंह भी सहयोग के लिए आगे आकर बरही पुलिस को राशन सामग्री भेंट की है, ताकि मदद का यह सिलसिला संकट के वक्त थमने न पाए। सरपंच श्री सिंह ने 50 किलो चावलए 50 किलो गैंहू बरही थाना पहुँचकर पुलिस के सुपुर्द किया है।



## सब्जी दुकानदारों को समझाईश, भीड़ लगाकर नहीं करें व्यवसाय

### सब्जी-फल विक्रेता संघ के पदाधिकारियों के साथ निगमायुक्त की बैठक

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की चैन को तोड़ने हेतु प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों पर चिन्हित थोक एवं फुटकर सब्जी, फल विक्रय स्थलों से कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए व्यवसाय करानें के उद्धेश्य से सायं 5:30 बजे निगम कार्यालय परिसर में नगर के थोक सब्जी फल विक्रेता संघ के पदाधिकारियों एवं हांथ ठेला संघ के अध्यक्ष के साथ निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह घाकरे की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा संघ के पदाधिकारियों से कोविड के संक्रमण से बचाव हेतु जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करते हुए चिन्हित थोक, फुटकर सब्जी मंडी स्थलों से ही व्यवस्थित रूप से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए व्यवसाय किये जानें तथा अनाधिकृत स्थल पर किसी एक जगह बैठकर भीड लगाकर व्यवसाय न करने की समझाईश दी गई। उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाये जा रहे है आप प्रशासन का सहयोग प्रदान करें। सतर्क रहें तथा स्वयं को भी सुरक्षित रखें। बैठक के दौरान हांथ ठेला सब्जी व्यवसाईयों को नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रातः 10 बजे तक नगर के विभिन्न वार्डो में भ्रमण कर अपना व्यवसाय करनें, फल ठेला व्यवसाइयों को नगर के मुख्य मार्ग में एक स्थल पर खडे न होकर सार्वजनिक मार्गो में घूमकर अथवा साधूराम स्कूल अथवा गुलाबचंद स्कूल से भी नियत समय में प्रोटोकाल के साथ व्यवसाय करनें की बात कही गई। उपस्थित जनों द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकनें हेतु प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की बात कही गई। बैठक के दौरान अजय कुमार कछवाहा कृष्ण हरि कछवाहा, रंजीत कुमार कछवाहा, रामराज गुप्ता फल ठेला संघ, राजकुमार, वीरेन्द्र कछवाहा, सोहन कछवाहा, गोविद, विनोद कुमार, अनुराग कछवाहा सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

## शहर में आठ नए माइक्रो कंटेनमेंट जोन बने

**कटनी।** कोविड 19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पॉजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र, भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित किये जाकर साफ सफाई, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव सहित सैनेटाइजेशन की कार्यवाही निरंतर जारी है। कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय उपयंत्रियों से संकलित कर विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज नगर के विभिन्न वार्डो के आठ स्थलों जगजीवन राम वार्ड में रश्मी किराना के पीछे नयागांव आनंद पटैल तथा आर बी-2, 168 बी, एसकेपी एनकेजे में आरती शर्मा, नगर के झर्रा टिकुरिया में विनय बर्मन के मकान श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड एनकेजे में नीरज साहू तथा आरपीएफ थाना के पास नीतेश साहू, हाउसिंग बोड नेहरू वार्ड वीरेन्द्र सिंह राजपूत, अतुल कुमार के मकान, मदन मोहन चोबे वार्ड में रिजवान फरीदी गली में माईक्रो कंटेनमेंट जोन चिन्हित किया जाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई गई।




## सीवर लाईन रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता से नहीं



**कटनी।** विगत दिवसों हुई वर्षा के दौरान सीवर लाईन रेस्टोरेशन कार्य के संबंध में प्राप्त हो शिकायतो को गंभीरता से लेते हुए ट्रांसपोर्टनगर से नदीपार बस स्टेण्ड होते हुए मिशन चैक में चल रहे सीवर लाईन रेस्टोरेशन कार्य एवं सुधार कार्य का निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय के साथ निरीक्षण किया जाकर स्थल पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को प्राप्त हो रही शिकायतों सहित नगर के अन्य स्थलों में सीवर लाईन के चल रहे रेस्टोशन कार्य को गुणवत्तापूर्ण करनें के निर्देश प्रदान किये गए।

## बारिश से करीब एक फुट बढ़ा कटनी नदी का जलस्तर

### कटाएघाट स्थित बैराज में आया पानी, निगमायुक्त ने लिया जायजा

**कटनी।** पिछले कुछ दिनों से शहर में हो रही बेमौसम बारिश की वजह से जहां तपती गर्मी से राहत मिली है तो वहीं कटनी नदी के जलस्तर में भी मामूली वृद्धि हुई है। कटनी नदी के कटाएघाट स्थित बैराज में जहां कुछ दिन पहले तक पानी की कमी देखी जा रही थी, तो वहीं इस बारिश से बैराज अब पानी नजर आ रहा है, हालांकि इससे पेयजल आपूर्ति की स्थिति में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। विगत दिवस निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नगर की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए अमकुही स्थित बैराज, बाईपास स्थित कटनी नदी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र बिलहरी एवं आसपास के अन्य स्थलों में विगत दिवसों हुई वर्षा के कारण पानी का लेबिल में लगभग 10-11 इंच का इजाफा हुआ है। निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा वर्षा जल का संग्रहरण कर पेजयजल आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये गए। संक्रमण को रोकने सोशल डिस्टेसिंग का का कड़ाई से पालन कराया जाए। कोरोना संक्रमण की चैन को तोडनें तथा फुटकर सब्जी विक्रेताओं को सब्जी क्रय कर नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो में अपना व्यवसाय करनें हेतु चिन्हित की गई ट्रांसपोर्टनगर पुरैनी थोक सब्जी मंडी का निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा आज प्रातः निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करानें हेतु सब्जी विक्रेताओं को पर्याप्त दूरी पर ही बैठालकर सब्जी व्यवसाय संचालित करानें आवश्यकता पडनें पर ट्रांसपोर्ट नगर की अन्य कुलियों से भी सब्जी व्यवसाय संचालन करानें के निर्देश प्रदान किये गए। लोगों में संक्रमण के प्रति जागरूकता लाई जा सके इस हेतु रोको टोको अभियान निरंतर जारी रखा जाकर लोगों को मास्क लगानें एवं अन्य आवश्यक सावधानियों को अपनानें की समझाईश देनें के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए गए।



# संकटकाल में जरूरतमंदों की सेवा में जुटी भाजपा

## सांसद कोविड सहायता केंद्र से 12वें दिन मरीजों व परिजनों को मिली सहायता




**कटनी।** सांसद सहायता केंद्र से कोविड मरीजों ओर उनके परिजनों की सहायता का क्रम आज 12वें दिन भी जारी रहा। भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की मदद करने में जुटे हुए हैं। प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में सांसद कोविड सहायता केंद्र द्वारा भाजपा कार्यकर्ता सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। एक छोटी सी मदद से ही पीड़ित परिवारों का हौसला कई गुना बढ़ जाता है। भाजपा कोरोना महामारी के इस संकट में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। सेवा ही संगठन है, इस ध्येय वाक्य को लेकर कार्यकर्ता निरंतर जनसेवा में जुटे हैं। सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से 12वें दिन जरूरतमंदों को भोजन, आयुष का त्रिकुट काढा, गर्म पानी, सादा पानी, मास्क, सेनेटाइजर एवं बिस्किट आदि देकर उनकी सहायता की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, शैलेंद्र नागोत्रा, सुरेश रोचलानी, पंकज शर्मा, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वैक्सीन के प्रति जागरूकता का संदेश दे रहा जागरूकता रथ

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा द्वारा वैक्सीन के प्रति जन जागरूकता को लेकर सम्पूर्ण जिले में वैक्सीन जागरूकता रथ चलाया जा रहा है जो कि गांव-गांव पहुँचकर नागरिकों को कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक कर रहा है एवं कोरोना महामारी से बचने के उपाय बता रहा है। सांसद विष्णुदत्त शर्मा द्वारा जिले को प्रदत्त यह वैक्सीन जागरूकता रथ कटनी के मुड़वारा मंडल, माधवनगर मंडल, न्यू कटनी मंडल के क्षेत्रों में भृमण कर कटनी ग्रामीण मंडल के समस्त गांवों भृमण कर नागरिकों को वैक्सीन के प्रति जागरूक कर रहा है और वैक्सीन को भ्रांतियों को दूर कर रहा है साथ ही कोरोना महामारी से बचने के उपायों को नागरिकों को बताया जा रहा है। जागरूकता रथ ने जुहला, जुहली, मड़ाई, जुगिया, देवरा, सुरकी, पोंडी, सरसवाही आदि गांवों में पहुँचकर जनजागरण किया, यह जागरूकता रथ बहोरीबंद विधानसभा और विजयराघवगढ़ विधानसभा में भी भृमण करेगा।



यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :– 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# जिले के दूरस्थ गांवों में भी पहुंची पुलिस

## एसीसी के सहयोग से कैमोर पुलिस ने बांटी निर्धन और जरूरतमंद को खाद्यान्न सामग्री



**कटनी। पुलिस की सामुदायिक सेवा संबल योजना के अंतर्गत कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने पुलिस स्टाफ और एसीसी ट्रस्ट कैमोर के साथ मिलकर लगातार गरीबों को खाद्यान्न वितरण का कार्य कर रहे हैं। गतदिवस जिले के दूरस्थ ग्रामों जमुवानी कला, जमुवानी खुर्द, पडरेही और खिरवाखुर्द के 60 निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री निशुल्क वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि खाद्यान्न सामग्री का वितरण सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए विधिवत स्टॉल लगाकर ग्राम वासियों और निर्धनों को सम्मान देते हुए किया गया। जिसकी संपूर्ण क्षेत्र में सराहना की जा रही है।**

एसीसी डायरेक्टर प्लांट के.आर.रेड्डी के मार्गदर्शन व एचआर हेड एच.पी.सिंह के निर्देशन में एसीसी सीएसआर हेड एनेट विश्वास, चीफ सिक्योरिटी अधिकारी नीरज सिंह और एसीसी ट्रस्ट टीम के सदस्यों अमित बाग, अमित सोनी, पीयूष लाल, ओमप्रकाश, मोहसीना, सुनील, सुशील के साथ सहायक उपनिरीक्षक वंश गोपाल पांडे, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, आरक्षक सनिल, अचल, शिव एवं पापा टेंट हाउस कैमोर के संचालक अख्तर भाई जान द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। इसी आयोजन के दौरान एक सामुदायिक सेवा वाहन भी तैयार करवाया गया है। जिसमें कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जागरूकता चित्रण है। उसे प्रचार-प्रसार के रूप में उपयोग में लाया गया। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन का कहना है कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में आगे भी कैमोर पुलिस एवं एसीसी ट्रस्ट कैमोर के द्वारा संयुक्त प्रयास कर जरूरतमंद और निर्धनों की मदद जारी रखी जाएगी।

## व्हाट्सएप पर मेसेज देखकर दिव्यांग परिवार की मदद करने पहुंचे कोतवाली टीआई

पुलिस प्रशासन द्वारा हर रोज गरीबों को भोजन पहुंचाया जा रहा है। कोरोना काल में कोई भी परिवार भुखमरी का शिकार न हो जिसके लिए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन में निर्धन को भोजन सामग्री पहुंचाने का जिम्मा सभी थाना प्रभारियों को सौंपा गया है। जिसे वे पूर्ण जिम्मेदारी से निभा रहे है। कोतवाली प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा को व्हाट्सप पर एक दिव्यांग बच्ची के परिवार में भोजन न होने की जानकरी मिली। जिसके बाद श्रीविश्वकर्मा ने तत्काल मेसेज भेजने वाले से संपर्क कर भोजन सामग्री पहुंचाई। दिव्यांग के परिवार ने कोतवाली टीआई को देवदूत बताते हुए उनकी पूरी टीम का धन्यवाद आभार व्यक्त किया है।



## गरीब व निर्धन परिवारों के पास पहुंची स्लीमनाबाद पुलिस



**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा भी तेवरी बस्ती, आदिवासी मोहल्ला में जाकर गरीब जरूरत मंद लोगों को खाद्यान्न का वितरण किया गया। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा तथा स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन मे थाना क्षेत्र में पुलिस सामुदायिक सम्बल योजना के तहत जन सहयोग से ग्राम तेवरी बस्ती में आदिवासी मोहल्ला, बन्धी की गरीब बस्ती में जाकर असहाय लोगों को राशन व मास्क का वितरण किया गया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में लगातार पुलिस स्टाफ के द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है और लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने पर लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह व हमराही स्टाफ द्वारा पेट्रोलिंग बिना मास्क लगाए मिलने पर 79 चालान व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 24 लोगों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 103 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 15,900 समन शुल्क वसूला है। वहीं शासन के द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों रोको टोको अभियान के तहत आम जन को समझाए दी जा रही है एवं शासन के द्वारा दिशा निर्देश नियमों को आमजन को सख्ती से पालन करने की हिदायत भी दी जा रही है।

## हरतला में राशन लेकर पहुंची बरही पुलिस

**कटनी।** बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची गतदिवस अपने स्टाफ के साथ खाद्यान्न लेकर थाना क्षेत्र के ग्राम हरतला पहुंचे। यहां उन्होने लगभग 100 गरीब परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया। बरही थाना प्रभारी श्रीअयाची ने बताया कि संबल योजना के तहत पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा तथा विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन और बरही के हार्डवेयर व्यापारियों की मदद से राशन सामग्री का वितरण किया गया।



# विधायक उमंग सिंघार की छबि खराब करने के लिए दर्ज की गई एफआईआर

## आदिवासी नेताओं का दमन करना चाहती है राज्य सरकार, बड़वारा विधायक ने लगाया आरोप

**कटनी। कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री उमंग सिंघार के खिलाफ भोपाल में जो मुकदमा दर्ज हुआ है, उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ऐसी घटनाओं का राजनैतिकरण नहीं होना चाहिए। प्रदेश में भाजपा की सरकार अपने राजनैतिक फायदे के लिए उनके खिलाफ बिना सबूत के अनुचित कार्यवाही ना कराए।**

बड़वारा विधायक विजयराघवेंद्र सिंह ने यह आरोप लगाते हुए कहा है कि उमंग सिंघार के मामले में सरकार ने राजनीति करते हुए बिना वजह उन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है, जबकि महिला ने अपने सुसाइड नोट में भी लिखा है कि वो यह कदम अपनी मर्जी से उठा रही है, इसमें किसी की गलती नहीं है। महिला के बेटे ने भी अपने बयान में कहा है कि उमंग सिंघार और उसकी मां के बहुत अच्छे रिश्ते थे। उन्होंने कभी मां को परेशान नहीं किया है और घटना के तीन दिन पहले से विधायक उमंग सिंघार भोपाल में नहीं थे। ऐसे में सिफ राजनीतिक कारणों से पुलिस ने विधायक पर मामला दर्ज कर लिया है। श्री सिंह ने कहा कि बहुत ही मेहनत और परिश्रम करने के बाद आदिवासी समाज के लोग विधायक बन पाते हैं और आज मप्र के आदिवासी समाज के प्रमुख युवा साथी जो तीसरी बार विधायक हैं, उनकी छवि खराब करने के लिए भोपाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। ऐसा लगता है कि पुलिस आदिवासी नेताओं के राजनीतिक दमन करने के लिए बिगर जांच किए मुकदमा दर्ज कर रही है। बड़वारा विधायक ने कहा है कि आत्महत्याकांड की आड़ में कांग्रेस विधायक उमंग सिंगार को कानूनी चक्रव्यूह में फंसाने के खिलाफ कांग्रेसी एकजुट है।

### भाजपा की सरकार बेवजह षडयंत्र पूर्वक उमंग

सिंगार की छवि को खराब करने एवं उनका राजनीतिक भविष्य खत्म करने की साजिश रचते हुए उक्त प्रकरण दर्ज किया है। कांग्रेस विधायक के खिलाफराजनीतिक विद्रोह की भावना से दर्ज एफआईआर को भोपाल पुलिस वापस लेना चाहिए। आत्महत्या कांड में विधायक उमंग सिंगार के खिलाफबिना ठोस साक्ष्य के आधार पर आपराधिक मामला राजनीतिक विद्वेष की भावना से दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से आग्रह किया गया है कि आत्महत्याकांड को राजनीतिक दुर्भावना से नहीं देखा जाना चाहिए। एक पत्र राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम भी प्रेषित किया है, जिसमें दर्ज झूठे प्रकरण को निरस्त करने की मांग की गई है।

## अब नए एलएचबी कोचों से दौड़ेगी काशी एक्सप्रेस



**कटनी।** गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच कटनी जंक्शन होकर प्रतिदिन चलने वाली काशी एक्सप्रेस अब नए एलएचबी कोच के साथ पटरियों पर दौड़ेगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 05017/05018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर काशी एक्सप्रेस में 20 मई से वर्तमान कोचों के स्थान पर एलएचबी श्रेणी के कोच लगाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि काशी एक्सप्रेस बहुत पुरानी ट्रेन है जो गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच कटनी जंक्शन होकर प्रतिदिन चलती है। इस संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि काशी एक्सप्रेस में एलएचबी श्रेणी के कोच लगने से ट्रेन में कोचों में बर्थ की संख्या में वृद्धि होगी। जिससे कि अधिकतम यात्रियों को बर्थ उपलब्ध हो सकेंगे। इसके साथ ही एलएचबी कोच में दुर्घटना से बचाव के विभिन्न सुरक्षात्मक उपाय भी रेलवे द्वारा किए गए हैं। जिसके तहत किसी अप्रत्याशित दुर्घटना होने पर एलएचबी कोच एक दूसरे के ऊपर नहीं चढ़ते। इसके साथ ही कोच के अंदर भी बर्थ में सुधार करके अधिक स्थान उपलब्ध कराया गया है। इन कोचों में ट्रेन के बाथरूम में आधुनिक सुविधाएं तथा कोच के इंटीरियर में भी अनेक परिवर्तन करके इसे आरामदायक बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि कटनी होकर चलने वाली अनेक यात्री गाड़ियों में अब पुराने रेल कोचों के स्थान पर एलएचबी श्रेणी के नए रेल कोच लगाए जा रहे हैं। जिसके तहत काशी एक्सप्रेस के अप एवं डाउन में 20 मई से यह आधुनिक श्रेणी के कोच लगाना शुरू कर दिए गए हैं। नए एलएचबी कोच यात्रियों के लिए बहुत ही आरामदायक यात्रा का पर्याय बनेंगे। इसके साथ ही रेलवे ने गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली एक अन्य यात्री गाड़ी संख्या 02537/02538 में भी पुरानी पद्धति के कोचों के स्थान पर नई श्रेणी के आरामदायक एलएचबी कोच लगाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अब एलएचबी कोच से चला करेगी। जिससे कि यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का एहसास होगा।

# रेडक्रॉस ने कोविड वार्ड के लिये दिए 20 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर

## कोविड मरीजों को उपचार में मिलेगी सहायता

**कटनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कोविड काल में जनकल्याणकारी गतिविधियों को जनसहयोग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि जिले में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुये संस्था द्वारा 10 लीटर क्षमता वाले ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर की व्यवस्था की जा रही है। रेडक्रॉस सोसाईटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन पर संस्था के सदस्य अरविंद गुगालिया द्वारा इस संबंध में विभिन्न प्रदायकर्ताओं से संपर्क किया गया है। इसके तहत रेडक्रॉस सोसाईटी कटनी द्वारा कोलकाता के एक प्रतिष्ठान से 50 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर उपकरण की उपलब्धता को लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में 20 मई को जिले में 20 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर प्राप्त हुये हैं। जिन्हे जिला चिकित्सालय स्थित कोविड वार्ड को रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सौंपा गया है। इसके पूर्व भी 28 अप्रैल को 15 उपकरण प्राप्त हुये थे, जिन्हें सायना स्कूल में स्थित सांसद कोविड केयर सेन्टर में उपयोग के लिये सौंपा गया था। इन ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर उपकरणों को क्रय करने में पूर्व राज्यमंत्री एवं वर्तमान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा अपने निजी स्त्रोतों से 25 लाख रुपये की राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी को उपलबध कराई गई थी। शेष राशि संस्था या शासन के स्त्रोतों से वहन की जा रही है। सिविल सर्जन श्री वर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा वर्तमान में ही 4 वॉटर कूलर भी जिला चिकित्सालय में लगाये गये हैं।

## अपर कलेक्टर ने आरआरटी का गूगल मीट के माध्यम से किया रिव्यू

# समय क्रिटिकल है, मुस्तैदी से काम करें आरआर टीम के मेम्बर्स

**कटनी।** आज की स्थिति में आरआरटी के प्रत्येक मेम्बर की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। जिले में कोरोना के संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी आरआर टीम मुस्तैदी से काम करें। आपके क्षेत्र में जितने केस निकल रहे हैं, सभी स्थानों पर आरआरटी पहुंचे। यह बिलकुल नहीं चलेगा कि 10 में से पांच देखे। यह स्पष्ट निर्देश अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने गुरुवार को गूगल मीट के माध्यम से आयोजित आरआरटी की रिव्यू मीटिंग में दिये।

उन्होने कहा कि आरआरटी की जवाबदेही है कि सक्रियता से अपने क्षेत्रों में काम करें। दवा वितरण का कार्य प्रभावी ढंग से हो। इसके साथ ही माईक्रो कंटेनमेन्ट जोन, सर्विलांस, सैम्पलिंग के कार्य भी अपने क्षेत्र में जारी दिशा-निर्देशों के तहत कराया जाना सुनिश्चित करें।गूगल मीट में अपर कलेक्टर श्री सिसोनिया ने कोरोना वेक्सीनेशन के प्रति अवेयरनेस कैम्पेनिंग में सहभागिता करने के निर्देश भी आरआर टीम के मेम्बर्स को दिये। उन्होने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र की सभी आरआरटी क्षेत्रीय लोगों को कोविड वेक्सीनेशन के प्रति जागरुक करें।

जिले से कोरोना टीकाकरण जागरुकता रथ भी प्रारंभ किया जा रहा है। रथ का रुटचार्ट आप सभी के साथ साझा किया जायेगा। रुटचार्ट के हिसाब से जनजागरुकता की गतिविधियों की मॉनीटरिंग का कार्य भी अपने-अपने क्षेत्र में देखें और उन गतिविधियों में स्वयं भी शामिल हों। दवा वितरण सहित अन्य किसी कार्य में समस्या आने पर सीधे संपर्क करने के निर्देश अपर कलेक्टर ने दिये।

उन्होने कहा कि समय क्रिटिकल है। जिले में कोविड की रोकथाम की दिशा में कार्य करने के लिये हमारी टीम का एक-एक मिनट महत्वपूर्ण है। यह उदासीनता का समय नहीं है, हमें सक्रियता के साथ जीवटता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को समस्त आरआरटी को चालान रसीद उपलब्ध कराने के निर्देश भी अपर कलेक्टर ने दिये। श्री सिसोनिया ने कहा कि कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत आरआर टीम को कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के अधिकार प्रदान किये गये हैं। सभी टीम मेम्बर्स अपने-अपने क्षेत्रों में कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही करें। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में समस्त आरआरटी के मेम्बर्स और संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल हुये।

# महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी देने बना कंट्रोल रूम

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कोविड अवधि में जिले की बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों को निरंतर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाऐं प्रदान की जा रही है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कटनी नयन सिंह द्वारा विशेष पहल करते हुए कोविड अवधि में जिले की बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा एवं परामर्श, घरेलु हिंसा से संबधित परामर्श एवं सहायता प्रदाय किये जाने हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसमें परामर्श देने हेतु महिला कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, ताकि महिलाए निःसंकोच रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा एवं परामर्श, घरेलु हिंसा से संबधित परामर्श एवं सहायता प्राप्त कर सकती है। परामर्श एवं सहायता प्राप्त करने हेतु स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 07622-220727 पर प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी म.प्र.

क्रमांक/725/लो.नि.वि./निर्माण/2021 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक 18/05/2021

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर key Date and Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल के भवन एवं रोड एण्ड ब्रिज आई.एस.एस.आर. मई 2012 (संशोधित) के आधार पर प्रतिशत दर कम या अधिक पर दी जावे। समस्त शर्तों व कार्यों की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का स्थल | प्राक्कलन राशि (रूपये लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | समय अवधि (वर्षा ऋतु छोड़कर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी में बाउण्ड्रीवाल, गेट, पुलिया एवं कांक्रीट कार्य | 24.75 | 18563 | 04 माह | 5000 |
| 2 | आजाद चौक से गाटरघाट रोड में सत्यनारायण अग्रहरि के मकान तक पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य | 12.99 | 9743 | 03 माह | 2000 |
| 3 | शासकीय प्राथमिक शाला टिकरिया (लखेरा) विवेकानन्द वार्ड में भवन (दो कक्ष) एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 12.19 | 9143 | 06 माह | 2000 |
| 4 | दुगाड़ी नाला के पास पिचिंग कार्य | 46.12 | 34590 | 05 माह | 5000 |

नोट :- शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा, जो अनुबंध का एक अंश होंगे निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं। (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 19.05.2021 को सायंकाल 5.30 से। (2) निविदा प्रपत्र बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.06.2021 को सायंकाल 5.30 बजे तक। (3) बिड खोलने की तिथि 23.06.2021 को दोपहर 03.00 बजे से।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते - आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक 1548/खनिज/2021 — कटनी, दिनांक 17.5.2021

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक फलेश कुमार चौरसिया निवासी ग्राम बिलहरी तहसील रीठी जिला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेत निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 18.03.2021 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 26.04.2021 अथवा विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि तक इस क्षेत्र पर पचास्यात उत्खानपट्टा/ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | कटनी | मतवारी | 104 | 4.900 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 4.900 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा) जिला कटनी

दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी। — G 12572/21

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक 1107/ खनिज/2021 — कटनी दिनांक 6.3 2021

म.प्र. गौण खनिज नियम 1905 के नियम-18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति जो भी लागू (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स सिमरन ग्रेनाईट निवासी 670 जयप्रकाश नारायण बार्ड बड़ी ओमती जबलपुर जिला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण/अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 15.02.2021 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 04.04.2021 अथवा विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वक्षण/अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है।

**आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।**

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | ढीमरखेडा | मार सिहुडी | 32/1 | 20.00 | शासकीय भूमि | एम.सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 20.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आयोदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय साय 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2 यदि प्रकाशित विज्ञाप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की आतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनाक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समजला जाएगा। 4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरात भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5 निधारित समयावधि के उपरात प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-12592/21

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा) जिला-कटनी



## यशभारत की खबर के बाद हरकत में आया प्रशासन, चहला टोला में गरीब आदिवासियों की ली सुध

# आयुष्मान कार्ड बनाए, बच्चों को बांटा पोषण आहार

**कटनी।** राज्य सरकार की तमाम योजनाओं के बाद भी पिछले करीब 35 सालों से तंबू में रहकर जीवन यापन करने के लिए मजबूर रीठी तहसील के ग्राम चहला टोला मोहल्ला के गरीब आदिवासी परिवारों की व्यथा को जब यशभारत ने 17 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया, तब कहीं जाकर प्रशासन गहरी निद्रा से जागा और इनकी सुध ली। खुले आसमान के नीचे रह रहे इन परिवारों के पास न तो खुद का मकान था और न ही रोजगार। कहने को तो गरीब परिवारों को राज्य सरकार द्वारा बीपीएल कार्ड बनाकर दिया जाता है, जिससे उन्हें सस्ता राशन मिल सके, लेकिन इनके पास न तो बीपीएल कार्ड था और न ही आयुष्मान कार्ड।

यशभारत
खबर का असर

कोरोना संक्रमण काल में इनके पास रोजगार भी नहीं था। करीब 70-80 परिवारों के 150 से ज्यादा आदिवासी पिछले कुछ दिनों से भयंकर आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे। पिछले दिनों जब यशभारत रीठी संवाददाता यहां पहुंचे तो इन्होंने अपनी दुर्दशा की कहानी बयां की, जिसे यशभारत ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, तब प्रशासन ने खबर पर संज्ञान लेते हुए इनकी सुध ली और अधीनस्थ अमले को इनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत तिघरा के चरगवां ग्राम में सम्मिलित चहला टोला मोहल्ला के गरीब आदिवासी आजादी के 70 साल भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे थे। भूमिहीनों और बेघरवारों के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना लागू की गई है, लेकिन यहां रहने वाले लोगों को आज तक इस योजना का लाभ नहीं मिल सका। इनके पास न तो बीपीएन कार्ड हैं और न ही आयुष्मान कार्ड। करीब 70-80 परिवार वर्ष 1982 से यहां रहे हैं। इनके नाम मतदाता सूची दर्ज हैं लेकिन इसके बावजूद योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा।


आसपास
कटनी सोमवार, 17 मई 2021 यशभारत 6

खुले आसमान के नीचे गुजारा, नहीं मिले पीएम आवास

35 सालों से तंबू में रहने को मजबूर 70-80 परिवारों के 150 से ज्यादा लोग

कटनी/रीठी। जिले में एक तरफ कोरोना संक्रमण के चलते 24 मई तक कोरोना कर्फ्यू घोषित किया गया है तो वहीं दूसरी तरफ रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम चहला टोला मोहल्ला के करीब 70-80 परिवार आज भी खुले आसमान के नीचे जीवन यापन को मजबूर है। मतदाता सूची में नाम और गरीबी रेखा कार्ड होने के बाद भी न तो इन्हें प्रधानमंत्री आवास मिला और न ही सरकार की किसी योजना के तहत इन्हें लाभावित किया गया। जिसके चलते करीब डेढ़ सौ से ज्यादा लोग आज भी ठंड, बरसात और गर्मी के मौसम में कच्चे आशियाना बनाकर रहने के लिए विवश हैं। इनका कहना है कि कईयों बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी आज तक इनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।

यशभारत खबर विशेष

मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज रीठी तहसील के ग्राम चहला टोली आदिवासी बस्ती के वाशिंदे

भिक्षावृति से हो रहा गुजारा

7-8 परिवारों के बने हैं गरीबी रेखा कार्ड

रीठी तहसील के ग्राम चहला टोला बस्ती के गरीब आदिवासियों की दुर्दशा को लेकर यशभारत में 17 मई को प्रकाशित खबर।

### गरीब परिवारों को मिलेगा तीन महीने का मुफ्त राशन

गरीब बच्चों को पोषण आहार के वितरण के साथ ही इस बस्ती में रहने वाले करीब आधा सैकड़ा परिवारों को अस्थायी पात्रता पर्ची के आधार पर तीन महीने का मुफ्त राशन भी दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत तिघरा के रोजगार सहायक सचिव प्रहलाद पटेल ने बताया कि जनपद पंचायत के अधिकारियों निर्देश पर गरीब बस्ती के लगभग 45 से 50 लोगों को 3 माह का खाद्यान्न दिया जा रहा है। रोजगार सहायक ने बताया कि इन लोगों के पास पात्रता पर्ची नहीं थी, जिस पर इन लोगों को अस्थायी पात्रता पर्ची बनाकर दी जा रही है। इस पात्रता पर्ची पर यहां रहने वाले लोगों को राशन दिया जाएगा। सेल्समेन को राशन वितरण करने के लिए कहा गया है।

### अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की गई, पीने के पानी के लिए 15वें वित्त आयोग की राशि से बिछाई जाएगी पाइप लाइन

### 30 लोगों के तत्काल बनाए गए आयुष्मान कार्ड

मुफ्त राशन वितरण के साथ ही ग्राम चहला टोला मोहल्ला के करीब 30 लोगों के आयुष्मान योजना के तहत कार्ड बनाये जाने कार्यवाही भी की जा गई है। बताया जाता है कि जिनके पास गरीबी रेखा कार्ड उपलब्ध है, ऐसे 10 से 15 परिवार को स्वाभाविक लाभ तो मिल ही जाएगा। पीने के पानी की सुविधा नहीं होने पर रोजगार सहायक सचिव ने कहा कि 15वे वित्त आयोग से प्राप्त राशि से ग्राम पंचायत के खाते में प्रस्ताव डालकर जनपद से मंजूरी मिलते ही अतिशीघ्र चहला टोला गरीब आदिवासी बस्ती में नलकूप खनन करवाया जाएगा, ताकि पाइन के पानी की समस्या का निदान हो सके, साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ भी दिया जाएगा।


चहला टोला में आयुष्मान कार्ड, अस्थाई खाद्यान पर्ची बनाते रोजगार सहायक सचिव।

### इनका कहना है

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम चहला टोला बस्ती में बच्चों को कुपोषण आहार वितरित किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्व सहायता समूह की महिलाओं को यहां भेजा गया है। रजिस्टर पर बच्चों के नाम दर्ज किए गए हैं।

**-पुनीत शर्मा, परियोजना अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग रीठी**



### प्रशासन ने लिया संज्ञान, अमले को दिए कार्यवाही के निर्देश

बताया जाता है कि कलेक्टर प्रियक मिश्रा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह द्वारा रीठी तहसील के परियोजना अधिकारी को चहला टोला गरीब बस्ती में रहने वाले गरीब बच्चों को दलिया, खिचड़ी आदि के के पैकेट वितरित करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग रीठी के परियोजना अधिकारी पुनीत शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सुपरवाइजर गीता कोरी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व सहायत समूह को चरगवां के चहला टोला बस्ती भेजा गया और यहां 30-35 छोटे बच्चो को दलिया, पंजीरी, खिचड़ी के 4-4 पैकेट बांटे गए। इसके अलावा इन बच्चों के नाम रजिस्टर भी दर्ज किए गए हैं, जिससे अब इन्हें हर महीने पोषण आहार का वितरण किया जाएगा।


आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को खिचड़ी और दलिया के पैकेट का वितरण किया गया।

# प्रेमिका के भाईयों ने की थी अर्जुन की हत्या

### हत्या कर पत्थर व तार से बांधकर फेंकी दी थी खदान में लाश

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां स्थित एक खुली खदान में दीपावली से लापता एक युवक के कंकाल मिलने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है तथा युवक की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के आरोप के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। युवकों ने प्रेमप्रसंग को लेकर युवक की हत्या कर दी थी तथा उसकी लाश को तार के सहारे पत्थर से बांधकर खदान में फेंक दी थी। रंगनाथनगर थाना में धारा 302,201, 34 के तहत पुलिस ने नैन्सी स्कूल के पास वंशस्वरूप वार्ड निवासी 21 वर्षीय डब्लू उर्फ देव सोनखरे पिता हरिलाल सोनखरे व सुन्नू बक्सरिया पिता राकेश उर्फ बब्लू बक्सरिया को गिरफ्तार किया है। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि 17 नवंबर को सूचनाकर्ता सुनीता कोरी थाना रंगनाथनगर में अपने लड़के अर्जून कोरी के गुम होने की सूचना दी। जिसके बाद 05 अप्रैल 2021 को भूमियान टोला स्थित अशोक गोयनका की पानी भरी खदान में मानव कंकाल पत्थर के दासे में तार से बंधा हुआ मिला था। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 96-21 धारा 302, 201 कायम किया। मानव कंकाल के साथ टी शर्ट, अण्डर बेयर एवं बेल्ट फंसा मिला था। जिसके अनुसार गुमशुदा अर्जुन कोरी के परिजनों व्दारा मानव कंकाल को अर्जून कोरी का ही होना बताया। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा हत्या कर शव को पत्थर के दासे में तार से बांध कर पानी में फेंक दिया।

### ताका-झांकी करते देख पहले खदेड़ा आरोपियों ने

बताया जाता है कि 16 नवंबर 2020 के शाम करीबन 07-07:30 बजे आंचल के घर के पीछे तरफ अर्जून कोरी ताका झांकी कर रहा था। जिसे डब्बू उर्फ देव ने देखकर दौड़ाया तो अर्जून पीछे पानी की खदान में कूद गया और तैर कर खदान के किनारे आकर बैठ गया। तब डब्बू उर्फ देव बगल में रहने वाले रिश्ते के भाई राहुल बक्सरिया को साथ में लेकर खदान किनारे अर्जून के पास गया और दोनो ने मिलकर अर्जुन कोरी के महत्वपूर्ण भागो में हाथ घूसा, लात से लगातार मार कर हत्या कर दिया तथा अर्जुन के शव को पत्थर के दासे में तार बांध कर खदान के पानी में डाल दिये थे। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार करते हये बिजली तार व जीआई तार तथा मृत्तक अर्जुन कोरी का पर्स जिसे जमीन में गाढ दिये थे, जप्त किया गया।



### खदान में मिले कंकाल की रंगनाथनगर थाना पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

### एसपी ने गठित की थी टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व्दारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जो पुलिस टीम ब्दारा लोगो से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी एकत्र की गई तथा सायबर टीम की मदद ली गई। जिसमें तथ्य आये कि मृतक अर्जुन कोरी आंचल सोनखरे नामक लड़की से प्रेम करता था किन्तु आंचल के भाई डब्बू उर्फ देव सोनखरे को पसंद नहीं था। जिससे अर्जून कोरी व डब्बू सोनखरे की आपसी बुराई चलती थी। जानकारी मिलने पर पुलिस व्दारा इस दिशा में कार्य किया गया जिससे हत्या का खुलासा हुआ।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस अंधी हत्या का पर्दाफाश करने व आरोपीगणों की गिरफ्तारी में रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, साईबर सेल प्रभारी उनि नीरज दूबे, सउनि दिनेश तिवारी, प्रआर मनोज कोडापे, लालजी यादव, रामनारायण यादव, आर रामपाल बागरी, राहुल तिवारी, अमित सिंह, गणेश सिंह चौहान, नवीन शुक्ला, प्रशांत विश्वकर्मा, रामेश्वर, शुभम, चंदन, अभिषेक राय की सराहनीय भूमिका रही है। जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# मोबाइल के विवाद पर छोटे भाई ने की थी बहन की हत्या

### बड़वारा पुलिस ने सुलझाई गुत्थी



**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम कांटी में घर में अकेली एक 15 वर्षीय किशोरी पूनम पिता पप्पू प्रजापति की धारदार हथियार से गला रेंत कर हत्या की वारदात की गुत्थी भी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतिका के ही 13 वर्षीय छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि ग्राम कांटी निवासी 15 वर्षीय पूनम प्रजापति पिता पप्पू प्रजापति बुधवार की सुबह घर पर अकेली थी। परिजन खेत गए हुए थे। जब वे खेत से लौटे तो पाया कि घर के अंदर बेटी का शव पड़ा है। उसके गर्दन में गंभीर चोट है। तत्काल पुलिस को सूचना दी। बड़वारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और उसने बहन की हत्या के आरोप में उसके ही छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया। बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि घर में भाई-बहन अकेले थे। दोनों के बीच मोबाइल फोन चलाने को लेकर विवाद हुआ। इसी विवाद में आक्रोशित होकर उम्र में छोटे भाई ने पहले बहन पर लकड़ी से हमला किया और इसके बाद हंसिया से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी।






### गुरु प्रसाद परौहा का कोरोना से निधन

उमरियापान। उमरियापान से लगे ग्राम सहलावन पिपरिया निवासी कांग्रेस नेता मुकेश परौहा के चाचा 54 वर्षीय गुरु प्रसाद परौहा का सागर में इलाज के दौरान निधन हो गया। कल शाम को जैसे ही श्री परौहा के निधन की जानकारी सहलावन पिपरिया पहुंची तो हर कोई स्तब्ध रह गया। जानकारी के अनुसार सागर यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रियन की पोस्ट पर कार्यरत 54 वर्षीय गुरु प्रसाद परौहा 10 दिवस पूर्व कोरोना पॉजीटिव पाए गए थे। जिसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए सागर अस्पताल में भर्ती कराया था। कल गुरुवार की सुबह श्री परौहा का कुछ ज्यादा ही स्वास्थ्य खराब हो गया था और कुछ घंटे बाद 11 बजे के करीब निधन हो गया। कल शाम को कोरोना प्रोटोकाल के तहत सागर में ही परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया है।

# आधा सैकड़ा नए केस के साथ आज भी मिली संक्रमण से राहत

**कटनी।** जिले में कोरोना संकमण से आज भी राहत मिली। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन में पिछले 24 घंटे में जिले में 52 नए पॉजीटिव केस दर्ज किए गए हैं। जिसमे नई बस्ती में संचालित प्राईवेट क्लीनिक में पिछले कुछ दिनों की जांच के बाद पॉजीटिव पाए गए 32 केस शामिल है। इसी तरह गुरूवार को रेपिड एंटीजन किट से की गई 532 लोगों की जांच में 15, मेडिकल कॉलेज जबलपुर से 18 मई की 436 सेम्पल की रिपोर्ट में 4 और 19 मई की 495 सेम्पल की रिपोर्ट में 1 पॉजीटिव केस शामिल है। इस तरह अन्य लैब से 32, रेपिड एंटीजन और आरटी-पीसीआर से की गई 1463 सेम्पल की जांच में 20 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। बताया जाता है कि पिछले 24 घंटे में 118 लोगों ने संक्रमण को मात दी है। 4 लोगों की मौत भी दर्ज की गई है। इस तरह अब तक जिले में 83 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। जिले में आज आज 696 एक्टिव केस हैं। 61 मरीज जिला चिकित्सालय, 48 निजी हॉस्पिटल और 584 मरीज होम आईसोलेशन में उपचार रत हैं।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)